कार्यालय प्रधानाचार्य, सरोजिनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा।

पत्रांकः छात्र/नान पी.जी.जू.रेजी.–2020–21/2020/31-A दिनांकः 27/1/,2020

विज्ञप्ति

एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा के निम्नलिखित विभागों में रिक्त नान पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट के अस्थाई पदों पर नियत वेतनमान रूपया 63000.00 प्रतिमाह पर निर्धारित प्रारूप पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

पदों का विवरण

क0 स0	विभाग का नाम	अनु0 जाति	अनु0 जनजाति	अ0पि0व0	ईडब्लूएस	सामान्य	कुल योग
1	ऑर्थोपीडिक्स	02	-	02	-	04	08
2	ऑफ्थ्लमोलोजी	-	-	01	01	-	02
3	ऑब्स एण्ड गायनी0	02	-	01	-	03	06
4	इमरजेन्सी	01	-	03	01	03	08
5	एनेस्थीसिया	01	-	02	01	02	06
6	ई0एन0टी0	01	-	-	-	01	02
7	जनरल मेडिसिन	02	-	04	01	05	12
8	जनरल सर्जरी	03	01	02	01	05	12
9	टी0बी0 एण्ड सी0डी0	01	-	01	01	01	04
10	ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन (ब्लड बैंक)	01	-	01	-	02	04
11	रेडियोथेरेपी	-	-	01	-	01	02
12	साइकेट्री	-	-	01	-	01	02
	कुल योग	**14**	**01**	**19**	**06**	**28**	**68**

उपरोक्त पदों हेतु एम0सी0आई0 के मानकों के अनुरूप शैक्षिक अर्हता एम0बी0बी0एस0 आवश्यक है। अभ्यर्थियों का चयन उनके द्वारा एम0बी0बी0एस0 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा तथा साक्षात्कार में कोई अंक नही दिये जायेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित योग्यता प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की है, उनको प्राप्तांक पर पूर्ण प्रतिशत मिलेगा एवं जिन अभ्यर्थियों ने उक्त परीक्षायें अटैम्प्ट के साथ उत्तीर्ण की है, उनका प्रति अटैम्प्ट एक प्रतिशत प्रति विषय कम कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों के चयन में आरक्षण उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार लागू होगा। उक्त पदों का अधिकतम कार्यकाल एक वर्ष होगा।

पदों हेतु आवेदन कालेज की बेबसाइट **www.snmcagra.ac.in** पर निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन भरा जायेगा। बेबसाइट पर **दिनांक 27.01.2020 से दिनांक 19.02.2020** तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थियों को निम्नलिखित प्रमाणपत्रों को अपलोड करना अनिवार्य है।

1. हाईस्कूल प्रमाणपत्र 2. एम0बी0बी0एस0 की समस्त अंकतालिकाएं 3. इन्टर्नशिप कम्पलीशन सर्टिफिकेट 4. एम0बी0बी0सी0 अस्थाई/स्थायी डिग्री 5. एम0बी0बी0एस0 परमानेन्ट मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 6. अटैम्पट सर्टिफिकेट 7. आरक्षित श्रेणी का प्रमाणपत्र (ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों को 01 जनवरी 2020 अथवा उसके बाद का जाति प्रमाणपत्र लाना अनिवार्य है)।

ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अपने मूल शैक्षणिक प्रमाणपत्रों एवं अन्य सम्बन्धित अभिलेखों के सत्यापन हेतु दिनांक **25.02.2020 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे के मध्य** प्रधानाचार्य कार्यालय में उपस्थित हो। अभिलेखों के सत्यापन के समय अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी (समस्त संलग्नकों सहित) लाना अनिवार्य है। जो अभ्यर्थी उक्त तिथि को चयन समिति के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नही होगें, उनके आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्रत्येक विभाग हेतु अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य है। पदों की संख्या घट–बढ सकती है।

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा